## संक्षिप्त

### भागवत कथा का शुभारंभ 16 से

**निवाई।** गांव गुन्सी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 16 जनवरी को कलश यात्रा के साथ होगा। श्रद्धालु देवीसिंह राजावत ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर तालाब स्थित बालाजी मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्ग होते हुए कथा स्थल श्री मोहन भंवरसिंह काम्पलेक्स राहोली रोड पहुंचेगी जहां कथा वाचक पं. महेशचन्द शास्त्री बस्सी वालों के सानिध्य में कलशों की विधिवत पूजा अर्चना कर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति हवन कुण्ड आहुति देकर की जाएगी। तथा प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### 'गौ-माता की करें सेवा'

**निवाई।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश अध्यक्ष सियाराम शर्मा के सानिध्य में गौ सेवा दल निवाई की गौशाला में दुर्घटनाग्रस्त व विकलांग गौ माता को गुड का भोजन कराकर हर्षोल्लाह से अपना जन्मदिन मनाया। प्रदेश अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने आ ान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन पर गौ-माता की सेवा करें, असहाय लोगों की मदद करें, रोगियों की सेवा करें। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री हनुमानप्रसाद बैरवा, सभा अध्यक्ष मुकेशकुमार मीणा, मुकेशकुमार मीणा, तहसील मंत्री सोहनलाल वर्मा, पूर्व मंत्री शंकर सिंह, नारायणलाल, रामस्वरूप वर्मा, शंकरलाल बैरवा सहित कार्यकारिणी के कई सदस्य मौजूद थे।

### भगवान श्रीकृष्ण कथा का वाचन

**निवाई।** ग्राम पंचायत झिलाय के घाटी वाले भेरुजी महाराज के मंदिर में पंडित राजेश भारद्वाज के सानिध्य में पंचम दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडित राजेश भारद्वाज ने श्री राधाकृष्ण विवाह प्रसंग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अनेक लीलाएं करके दुष्टों का वध किया है। इस दौरान कथा में श्री कृष्ण की सजीव झांकी सजाकर रास होली खेली।

# अवैध बजरी खनन करते 2 जेसीबी व एक ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने बांडी नदी के तन में अवैध बजरी खनन करते हुए दो जेसीबी वह एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया है। सभी के चालक मौके से फरार हो गए।

पुलिस निरीक्षक व थाना अधिकारी सदर जगदीश प्रसाद ने बताया कि बजरी खनन व परिवहन पर विशेष अभियान

■ पुलिस निरीक्षक ने चलाया बजरी खनन पर विशेष अभियान

चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत अवैध बजरी खनन परिवहन पर कार्यवाही करते हुए बांडी नदी के तन में दो जेसीबी मशीन खुदाई कर ट्रैक्टर ट्रॉली में बजरी भर रही थी गस्त करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर सभी चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर थाने में सुरक्षित खड़ा करवा दिया है।

इसके अलावा निवाई पुलिस ने अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया है। पुलिस ने एक चालक और वाहन मालिक सहित दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है। निवाई पुलिस ने



सदर थाना पुलिस ने दो जेसीबी मशीनें व एक ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की।

कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली व एक ट्रॉली को जप्त किया है। थाना अधिकारी हरिपाल सिंह ने जानकारी देते बताया कि अवैध बजरी रोकथाम के लिए शहर के 80 फीट रोड शास्त्री नगर पहुंचे। जहां पर सामने से एक ट्रैक्टर बिना नंबर में ट्राली में बजरी भरकर आता हुआ दिखाई दिया। जिस पर पुलिस की नाकाबंदी देखकर ट्रैक्टर का जॉइंट खोलकर ट्राली को रोड पर छोडक़र ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। जिस पर मौके से पुलिस ने ट्राली को जप्त किया है।

इसी प्रकार पुलिस की दूसरी टीम गांव देवरी रोड पहुंची। सामने से एक ट्रैक्टर बिना नंबर ही बजरी से बरकर आता हुआ नजर आया। जिसको रुकवा कर चालक से बजरी परिवहन रवन्ना पत्र मांगा गया तो उसके पास कोई रवन्ना पत्र नहीं मिला। इस दौरान वाहन चालक द्वारा बिना रवन्ना पत्र के बजरी खनन कर चोरी छिपे परिवहन करना पाया गया। जिस पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक गिर्राज गुर्जर पुत्र भोजाराम गुर्जर उम्र 40वर्ष निवासी रहीमपुरा उर्फ धोलाभाटा थाना बरौनी को गिरफ्तार कर लिया।

## प्राण-प्रतिष्ठा की शोभायात्रा निकाली

**निवाई।** गांव हरभगतपुरा में अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्रीराम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए हरभगतपुरा ग्राम मे कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अक्षत वितरण समिति शहर और ग्रामीण स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान बालाजी के मंदिर और ठाकुरजी के मंदिर पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना करके सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने 31 कलशों के साथ गांव में कलश यात्रा व श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। महिलाएं सिर पर कलशों के साथ साथ मंगल गीत गाते चल रही थी। इस अवसर पर अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत को घर-घर वितरण करके प्रभु श्रीराम के अयोध्या दर्शन के लिए निमंत्रण दिया गया। इस मौके पर जगह-जगह डीजे के साथ जय जय श्रीराम के उद्घोष लगाकर गांव हरभगतपुरा की धरा राम के नाम से गूंज उठी। इस दौरान सभी महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग हाथों में भगवा ध्वज लेकर बड़े उत्सव चल रहे थे। शोभायात्रा के दौरान प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंडित नाथू लाल शास्त्री, नानगराम भोमसिंग, बनवारी लाल शर्मा, भरत सिंह, पूरण, घनश्याम महाराज सहित सेकडों महिलाए पुरुषों सहित ग्रामीणों ने भाग लिया।

## सार-समाचार

### घर-घर बांटे अयोध्या के पीले चावल



**मालपुरा ( निसं )।** राम जन्म भूमि अयोध्या मे 22 जनवरी को मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम की बाल्यकाल की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के राष्ट्रीय पर्व को लेकर रामभक्तो मे अपार उत्साह देखा जा रहा है। दीपावली के समान मनाये जाने वाले इस पर्व मे भारत वर्ष के हर एक नागरिक की गरीमामय उपस्थिति को लेकर अयोध्या से देशभर मे पहुंचे पीले अक्षत चावल रामभक्तो की टोलियां घर-घर बांट रही है। विश्व हिन्दु परिषद कार्यकर्ताओ द्वारा बनाई गई टोलियो मे शामिल रामभक्त घर-घर पहुंच भगवान श्री राम के मंदिर का छाया चित्र आमंत्रण पत्र के रूप मे तथा साथ मे पीले चावल आमजन को सौंप उसे इस राष्ट्रीय पर्व मे भागीदार बनने का अवसर प्रदान कर रहै है। भगवान श्री राम का आमंत्रण पत्र पाकर सनातन धर्म के अनुयायी रामकाज कीन्हे बिनु मोहे कहां विश्राम के जयकारे लगाते हुए छाया चित्र व चावल को सिर पर धारण कर रहै है। मालपुरा शहर सहित समुचे उपखण्ड क्षेत्र मे अक्षत कलश के साथ रामभक्त की झांकी शोभायात्रा के रूप मे पहुंच रही है। जिसका गांव-गांव,ढाणी-ढाणी मे जोरदार स्वागत कर आरती उतारी जा रही है। तो रामभक्तो की टोलियां 22 जनवरी को हर हिन्दु परिवार से अपने घर मे दीपोत्सव पर्व मनाने घर को दुल्हन की तरह सजाने व रामनाम के गुणगान सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित कर रहै है।

### सामाजिक कुरीतियां मिटाने का संदेश

**निवाई।** राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन कम्यूनिटी थिएटर टोंक की टीम शुभम राजवंती तबोली, आशीष ने गोद ली हुई बस्ती में सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संदेश देने वाले नुक्कड़ नाटक ज्योति का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिनमें अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामग्री निर्माण करना सिखायास बौद्धिक सत्र में राजकीय कन्या महाविद्यालय टोंक की सहायक आचार्य प्रीति जैन ने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कैसे करें पर व्याख्यान में विभिन्न परिक्षाओं की तैयारी कैसे पर विस्तार से प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयंसेवकों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत कर आनंद लिया।

### पात्र लोगों को लाभ मिले'

**निवाई।** ग्राम पंचायत भरथला में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान रामअवतार लांगडी, सरपंच पृथ्वीराज मीणा व उपखण्ड रविकांतसिंह ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधान लांगडी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार योजना के पात्र व्यक्तियों को लाभ देने में जुटी हुई है। केंद्र पर राज्य सरकार द्वारा जारी विकास गरीब कल्याण और जनहित की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में सरकार की योजनाओं से प्रदेश की जनता को पूर्ण लाभ मिलेगा।

## सामुदायिक संगठनों का जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद

**निवाई।** सिकोईडिकोन संस्था द्वारा जन संगठनों एवं पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सामुदायिक संगठन, सरपंच, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य सहित 125 जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, प्रधान रामअवतार लांगडी, प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा, जिला प्रभारी बूंदी जुगलकिशोर शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। संस्था उप निदेशक डॉ.आलोक व्यास ने संवाद कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनसंगठन अपने क्षेत्र की समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के समक्ष रख कर सके और उनके समाधान के लिए मिलकर प्रयास कर सके। संस्था के वरिष्ठ उपनिदेशक गोविंद विजय द्वारा संस्था के अब तक किए गए प्रयासों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। किसान सेवा समिति अध्यक्ष मदनलाल शर्मा ने बताया कि ग्राम विकास समिति युवा मंडल, पंच-सरपंच संगठन क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करवाते रहे है। जिसमें चरागाह अतिक्रमण, न्यूनतम समर्थन मूल्य, यातायात के साधनों का अभाव, युवाओं में बढ़ते नशे की लत के प्रति जागरूक करना, आम रास्तों को खुलवाना आदि मुद्दे रखे। संगठन द्वारा उठाये जल जीवन मिशन मुद्दे के समाधान की प्रक्रिया जिला परिषद सदस्य रामजीलाल बैरवा, नरेश नायक, रामविलास गुर्जर, डीआर प्रतिनिधि व सम्माननीय सदस्य श्रीराम चौधरी व पंचायत समिति सदस्य हनुमान मीणा ने विस्तृत रूप से बतायी।

## सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर शुरु

**सवाई माधोपुर।** आत्माराम महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ निदेशक विजय सिंह बेनीवाल व प्राचार्य श्रीमती प्रतिभा ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कांता सैनी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताते हुए समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपने सहयोग व सहभागिता के लिए प्रेरित किया शिविर के प्रथम दिवस महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई कर स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सैनी व मनीष कुमावत एवं व्याख्याता रोहिताश धायल, ग्यारसी लाल सैनी, श्रीमती पिंकी सैनी, सुरेंद्र कुड़ी व पूरणमल उपस्थित रहे।

राजगढ़ उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश मीणा के स्थानांतरण के बाद आयोजित अभिनंदन समारोह ने कुशल कार्यकाल की अमिट छाप छोड़ी। ब्राह्मण धर्मशाला में सोमवार साय विदाई समारोह में सामाजिक संगठनों के साथ महिला संगठनों ने अल्प समय में किए गए कार्यों को रचनात्मकता का प्रतीक बताया। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने कहा कि जिसे समय राजगढ़ में तोड़फोड़ प्रकरण के चलते अशांति का माहौल था। उन विपरीत परिस्थितियों में कार्यभार ग्रहण करने के बाद मिलनसार छबि एवं विनम्र स्वभाव के साथ कार्य कुशलता का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अनुकरणीय मिसाल कायम की। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने कहा कि श्रेष्ठ कार्य करना प्रशासनिक अधिकारी का कार्य है, नागरिकों के समुचित सहयोग एवं सामूहिक प्रयास से कार्य और आसान हो जाता है।

राजगढ़ के लोगों की ओर से मिले सहयोग एवं व्यवहार को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों में श्रेष्ठ का चयन एवं समस्या समाधान को आने वाले हर व्यक्ति को संतुष्ट करना मेरे जीवन का प्रमुख मकसद है। राजगढ़ के लोगों की ओर से मिले कुशल व्यवहार एवं स्नेह की तारीफ की।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद के संरक्षक डॉक्टर के एम गुप्ता, व्यापार महासंघ के प्रदीप गुप्ता, मानव उत्थान सेवा समिति के राम रतन तांबी, नंदी गौशाला की अध्यक्ष प्रीति विजय, वेलफेयर सोसाइटी के किशोर मुखर्जी, निजी शिक्षण संस्थान संघ के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा, गायत्री परिवार से जुड़ी रश्मि विजय, राजगढ़ वैश्य महिला समिति की पदमा गोयल, लायंस क्लब के अध्यक्ष खेम सिंह आर्य, राजीविका की उषा शर्मा, अजय यादव, प्रदीप शर्मा, संगीतकार संजय राजस्थानी, संत ज्ञानेश्वर शर्मा एवं पंचायत समिति सदस्य एन एल वर्मा सहित अनेक महिला पुरुष मौजूद रहे।

## फेमस है सांभर की फीणी

**सांभरझील, ( निसं )।** करीब एक शताब्दी से अधिक समय से सांभर की फीणी राजधानी में ही नहीं अपितु राजस्थान में भी अपने निराले स्वाद के कारण आज भी उतनी ही प्रसिद्ध और लोकप्रिय है। शीतकाल में इसकी मांग चार से पांच गुणा तक बढ़ जाती है। गत वर्ष के मुकाबले इसका उत्पादन अधिक हुआ हो रहा है। यहां के पानी की तासीर की वजह से इसकी गुणवत्ता में आज भी कोई फर्क नहीं पड़ा है। ढूंढाड़ और मारवाड़ क्षेत्र में विशेषकर मकर सक्रान्ति के अवसर पर फीणी को भेंट के तौर पर देने की परम्परा बदस्तूर जारी है। यूं तो यहां फीणी का उत्पादन पूरे वर्ष भर ही चलता है, लेकिन सर्दियों के मुकाबले ग्रीष्मकाल में इसकी खपत आधी रह जाती है। यह सांभर का एक पारम्परिक मिष्ठान है।

फीणी को बनाने में मुख्य अवयव मैदा, घी और चीनी है। फीणी बनाने में अनुमानत: 100 टन से अधिक मैदा, 75 टन से अधिक घी और 50 टन से अधिक चीनी की मांग रहती है। यह व्यवसाय अब वर्तमान में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा के दौर से गुजर रहा है। जिसके कारण लाभांश अब कम होता जा रहा है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर(निर्माण)

ई-निविदा सूचना-एस एण्ड टी/104

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर की ओर से खुली निविदा सं. एस एण्ड टी/104 (Double Packet System) का ऑन लाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है । **1. कार्य का नाम एवंकार्य का स्थान** :"Design, manufacture, supply, installation, testing and commissioning of Microprocessor based Electronic Interlocking (EI) system in "Hot Stand By Mode" at KHORI ( KORI), PALI, KUND (KUND), KHATUWAS (KTWS) stations and Mid Section Interlocked LC Gates for execution of indoor and outdoor Signalling and Telecomm works, which includes excavation of trench, laying of cables, casting of foundations of MACLS Signals & apparatus cases, erection / installation of MACLS signals, fixing & wiring of track circuits & Point machines, centralized operation of points & signals, installation of Telecomm Equipments and it also include provision of Automatic Block Signalling (ABS) with supervisory track section facility (software as well as hardware) etc. as per RE standard in connection with Provision of Doubling work in Phased manner of Rewari- Kathuwas section of Jaipur division on North Western Railway" **2. कार्य की अनुमानित लागत** : रू. 46,32,24,668.88 **3. धरोहर राशि रूपये:** 24,66,100.00 **4. www.ireps.gov.in पर टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीख व समय:** 31.01.2024 को 15:00 बजे तक **5. वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन :** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर (निर्माण -1) कार्यालय, प्रथम फ्लोर, रेल निर्माण भवन, गंगा मार्ग, जगतपुरा - जयपुर-302017

24-DG/24

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें


## विधायक कुलदीप धनकड ने ली पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अधिकारियों की बैठक

**विराटनगर ( नि.स. )।** विधानसभा क्षेत्रीय नवनिर्वाचित भाजपा विधायक कुलदीप धनकड द्वारा सोमवार को पावटा पंचायत समिति सभागार मे पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी, पावटा तहसीलदार एवं कार्यकारी अधिशासी अधिकारी अजीत सिंह यादव की उपस्थिति मे पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वार्ड पार्षदों के साथ एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष उर्मिला अग्रवाल ने की।

बैठक में पालिका वाइस चेयरमेन अशोक सैनी, नरपत सिंह मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्र मे सफाई, रोशनी एवं विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वप्रथम भाजपा विधायक कुलदीप धनकड ने अधिशासी अधिकारी एवं पालिका अध्यक्ष के साथ विकास कार्यों के लिए एकजुट होकर

■ पार्षदों का रखें मान-समान, समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से दूर करें : धनकड

कार्य करने का सुझाव दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्षदों के मान समान और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए। नगरपालिका के कर्मचारी और पार्षद एक परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने पावटा तहसीलदार व कार्यकारी अधिशासी अधिकारी अजीत सिंह यादव से कहा कि पार्षदों की समस्या को गंभीरता से लें। सभी पार्षदों की सहमति से ही विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार होगी इसके बाद निविदा प्रकाशित कर कार्य किया जाएगा। अब बिना निविदा के प्रकाशन के कोई भी विकास कार्य नहीं किया जाएगा ताकि कार्य में पारदर्शिता रहे। साथ ही वार्ड पार्षदों की सहमति से प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जाएंगे। जिसमें मूलभूत सुविधाओं को बढाने का कार्य पहले होगा। वही भाजपा विधायक कुलदीप धनकड ने कहाँ कि अधिकारी व कर्मचारी अपना काम ईमानदारी से करें। जिससे लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पडे। भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अगर किसी के खिलाफ कोई शिकायत मिली तो उस अधिकारी के खिलाफ सत कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक मे चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत, मिंटू शर्मा, संजय सैन, विजय गुप्ता, लोकेश शर्मा, गिरधारीलाल शर्मा, कैलाश यादव(प्रतिनिधि) सहित वार्ड पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**निवाई।** चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी श्यामसुंदर अठावाल व मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्रसिंह चौधरी सहित चिकित्सकों के साथ राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय सभागार में बैठक ली। चिकित्सा प्रभारी डॉ. कृष्णकुमार विजय ने विधायक रामसहाय वर्मा को व्यवस्थाओं से अवगत कराते हुए बताया कि ऑपरेशन थिएटर में मशीनरी नहीं होने से सिजेरियन मरीज को जिला अस्पताल रेफर करना पड़ता है।

इस पर विधायक वर्मा ने शीघ्र ही ऑपरेशन थिएटर में मशीन सहित उपकरण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। चिकित्सालय परिसर में सुरक्षा गार्ड लगाने के लिए भी विधायक ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए। मरीजों की सुरक्षा हेतु महिला व पुरुष वार्डों में सीसी कैमरे सुचारू करवाने के निर्देश दिए।

## सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

**देवली ( नि.स. )।** देवली शहर के जयपुर एवम कोटा रोड पर करोडों की लागत पर चल रहे पालिका के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामला यह सामने आया कि यहां रोड निर्माण कार्य में ठेकेदार ने ग्रेवल मिट्टी की जगह रोड किनारों पर गंदे नालों की मिट्टी बिछा दी है। तो वही ऐसा लगता है कि रोड किनारे पर बने हुए गड्ढों को भरने में भी गंदे नाले से निकला गया कीचड़ भरा जा रहा हो।अधिकारियों की मिली भगत पर बने ऐसे हालातो में देखा जाए तो ठेकेदार की उक्त हिमाकत रोड निर्माण कार्य के नियम विरुद्ध बनी हुई है।

रोड निर्माण कार्य में चल रहे भ्रष्टाचार का उक्त खेल शहर के समीप हनुमान नगर थाना क्षेत्र के कोटा रोड का हे। क्षेत्र वासियों ने बताया कि उक्त रोड के निर्माण कार्य की देखरेख पालिका के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता कर रहे है। इसके बावजूद भी रोड का निर्माण कार्य पालिका की ओर से जारी रोड ड्रॉइंग और कार्य आदेश के अनुसार नहीं किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यहां ढाई- ढाई किलोमीटर दूरी तक के उक्त रोड निर्माण कार्य पर देवली नगर पालिका लगभग 16 से 17 करोड रुपए का खर्चा दर्शा रही है। ऐसे में यहां नगर पालिका 16 से 17 करोड रुपए की लागत पर दो भागों में रोड का निर्माण करवा रही है। जिसमें शुरू से ही भ्रष्टाचार की परत दर परत चढ़ी हुई है। उक्त रोड निर्माण कार्य में देखने वाली बात यह है कि पालिका के सरकारी कोष से लगभग 17 करोड रुपए की लागत पर ढाई ढाई किलोमीटर की दूरी तक के जिन दो रोड़ो का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें शुरुआत से लेकर अब तक भ्रष्टाचार की बद नियति साफ तौर पर उभर कर सामने आई है।

## कलेक्टर ने शिविर का निरीक्षण किया

**किशनगढ बास।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जिले की पंचायत समिति तिजारा मुंडावर व किशनगढ़ बास की 6 ग्राम पंचायत पर पहुंची। मुंडावर की पंचायत मानका व बावद में लगे विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप में मंत्री संजय शर्मा निरीक्षण के लिए पहुंचे जहां अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश साहरण सहित अधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया। निरीक्षण पर पहुंचे मंत्री ने दोनो कैंप का अवलोकन कर अधिकारियों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए और ग्रामीणों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम को सुना व ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को मौके पर समाधान के लिए निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री ने शाहिद श्री चंद यादव की मूर्ति पर पहुंचकर माला अर्पण की। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने निरीक्षण के दौरान कहा भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त प्रदेश बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भाजपा सरकार पूरी तरह से संकल्पित है। अंतिम छोर पर बैठे हर व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचे इसके लिए केंद्र सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की है जो प्रत्येक ग्राम पंचायत पर पहुंच कर योजनाओं का प्रचार प्रसार कर लाभ दे रही है।

# भाजपा की ओछी मानसिकता को जनता ने दिखाया आईना : कांग्रेस

**अलवर।** ग्रामीण विधायक एवम कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर राजस्थान की श्रीकरनपुर सीट के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रूपिंदर सिंह कुन्नर की ऐतिहासिक जीत एवं भारतीय जनता पार्टी के सुरेंद्र पाल टीटी की करारी शिकस्त पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

जूली ने भारतीय जनता पार्टी एवं लोकतंत्र की हत्या करने वाली उनकी नीतियों पर जमकर प्रहार करते में कहा कि जल्दबाजी और असंवैधानिक रुप से चुनाव से पहले मंत्री बना कर श्रीकरणपुर की जनता को बरगलाने का काम किया गया लेकिन जनता ने इनकी ओंछी मानसिकता को नजरअंदाज कर यहां से कांग्रेस प्रत्याशी को ऐतिहासिक विजय दिलाई है।



करणपुर में कांग्रेस की जीत पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने मिठाई बांट खुशी जताई।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की राजनीति में पहली बार ऐसा हुआ है जब मंत्री बने नेता चुनाव हार गए। उन्होंने कहा कि यह जनादेश भाजपा की तानाशाही पर करारा तमाचा और राजस्थान की भजन लाल शर्मा सरकार की पहली असफलता की कहानी बता रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने लोकतंत्र के हित में फैसला लेकर कांग्रेस प्रत्याशी को राजस्थान की विधानसभा में भेजने का मन पहले बना लिया था। उन्होंने कहा कि हठधर्मी केंद्र के इशारे पर चल रही सरकार मंत्री तो बना सकती है लेकिन यह जनता ने बता दिया कि विधायक बनाना आमजन का काम है।

उन्होंने कहा कि यह जीत स्वर्गीय गुरमीत सिंह कुन्नर की जनसेवा के कार्यों को समर्पित एवं कांग्रेस के विकास कार्यों की जीत है साथ ही आमजन ने भाजपा के अभिमान पर कड़ा प्रहार कर प्रदेश की जनता को संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत का पहला और दुर्लभ इस मामले में जनता ने नैतिकता की धज्जियां उड़ाने वाली भाजपा सरकार को सबक सिखाया है। इस अवसर पर रामगढ़ विधायक जुबेर खान, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, अनिल जैन, संजीव बारेठ,जफरू खान, हारून खान,इमरान,धारा सिंह,छंगा लखेरा, मुकेश कारोली, छोटेलाल, अब्दुल प्रधान,शहजाद, राहुल खान सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 23664094 | गृह ऋण | 1. कृष्ण कुमार धानका 2. जितेन्द्र कुमार | 18.11.2023 | 12,05,775.12/- | यूनिट नं. एफ-2, पहली मंजिल, "श्री सालासर रेजीडेन्सी", प्लाट नं. ई-12, मंगलम सिटी, ब्लॉक-ई, ग्राम हाथोज, कलवाड रोड, क्षेत्रफल 725 वर्ग फिट, जयपुर, राजस्थान-302012 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-रोड 30 फिट चोडी, पश्चिम-प्लाट नं. ई-13, उत्तर-रोड 30 फिट चौडी, दक्षिण-प्लाट नं. ई-10 और ई-11 |
| 2 | 19317628 | गृह ऋण | 1. दीपू सिंह 2. जनक कंवर | 23.12.2023 | 10,81,402.37/- | यूनिट नं. एस-2, क्षेत्रफल 750 वर्ग फिट दूसरी मंजिल, प्लाट नं. डी-19, स्कीम मंगलम सिटी, ब्लॉक डी, ग्राम-हाथोज, कलवाड रोड, जयपुर, राजस्थान-302012 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है पूर्व-प्लाट नं. डी-25, पश्चिम-रोड 60 फिट, उत्तर-प्लाट नं. डी-20, दक्षिण-प्लाट नं. डी-18 |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-

दिनांक- 09.01.2024
स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)